आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

REC Limited | आरईसी लिमिटेड
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालयः कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाषः +91 124 444 1300 | वेबसाइटः www.recindia.nic.in
सीआईएनः L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

**एसईसी-1/187(2)/2025/2374** **दिनांक: 31 जुलाई, 2025**

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग**<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग**<br>बीएसई लिमिटेड<br>पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स<br>दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400 001 |
| **स्क्रिप कोड-REC LTD** | **स्क्रिप कोड-532955** |
| **Listing Department**<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla Complex,<br>Bandra (East), **Mumbai - 400 051** | **Corporate Relationship Department**<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Fort, **Mumbai - 400 001** |
| **Scrip Code-REC LTD** | **Scrip Code-532955** |

**विषय: आरईसी लिमिटेड ("आरईसी" / "कंपनी") की 56वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") के आयोजन की सूचना, समाचार पत्र में इसके प्रकाशन और भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए विशेष विंडो खोलने के संबंध में।**

महोदय / महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 30 के अनुसार, यह सूचित किया जाता है कि आरईसी की 56वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 27 अगस्त, 2025 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों से आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में, कृपया कंपनी की 56वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित करने की सूचना और भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए विशेष विंडो खोलने के संबंध में समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन की एक प्रति संलग्न प्राप्त करें, जो 31 जुलाई 2025 को 'बिजनेस स्टैंडर्ड' (अंग्रेजी) और 'बिजनेस स्टैंडर्ड' (हिंदी) संस्करणों में प्रकाशित हुई है।

यह आपकी जानकारी के लिए है।

धन्यवाद,

**भवदीय,**

Jyoti Shubhra Amitabh

**(जे. एस. अमिताभ)**
**कार्यपालक निदेशक एवं कंपनी सचिव**

संलग्न : ऊपरोक्त अनुसार

बिज़नेस स्टैंडर्ड नई दिल्ली | गुरुवार, 31 जुलाई 2025

आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

आरईसी लिमिटेड | REC Limited
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
Regd. Office : Core-4, SCOPE Complex, 7 Lodhi Road, New Delhi 110003
Corporate Office : Plot No. I-4, Sector-29 Gurugram - 122001 (Haryana)
Tel: +91 124 4441300, | Website: www.recindia.nic.in
Email: complianceofficer@recindia.com | CIN: L40101DL1969GOI005095

# वीसी/ओएवीएम के माध्यम से 56वीं वार्षिक आम बैठक के आयोजन की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय को संचालित करने के लिए आरईसी लिमिटेड की 56वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से **बुधवार, 27 अगस्त, 2025 को भारतीय समयानुसार पूर्वाह्न 11 बजे** आयोजित की जाएगी। सामान्य परिपत्र दिनांक 19 सितंबर, 2024, कारपोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा जारी अन्य लागू परिपत्रों और परिपत्र दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 एवं सेबी द्वारा जारी अन्य संबंधित परिपत्रों के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत किसी निर्धारित स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी।

सभी सदस्य कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में 56वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना और वित्तीय वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट केवल उन शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेजी जाएगी, जिनका ई-मेल कंपनी या संबंधित डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। उक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट अर्थात **www.recindia.nic.in** और स्टॉक एक्सचेंजो की वेबसाइट अर्थात **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध होंगे।

ई-वोटिंग की अवधि **रविवार, 24 अगस्त, 2025 (9:00 पूर्वाह्न से)** को शुरू होगी एवं **मंगलवार, 26 अगस्त, 2025 (सायं 5:00 बजे तक)** को समाप्त होगी। एजीएम में भाग लेने के लिए विस्तृत निर्देश, डिमैटीरियलाइज्ड मोड, कागज के रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए रिमोट ई-वोटिंग और उन शेयरधारकों के लिए जिनके ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं हैं, एजीएम की सूचना में बताए जाएंगे। 56वीं एजीएम में शेयरधारकों को सिर्फ वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से शामिल और भाग लेने का अवसर मिलेगा और एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग तथा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यवसाय की मदों पर अपना वोट डाल सकते है।

कागज के रूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारक जिन्होंने अपने ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर या बैंक विवरण को पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, एनएसीएच सुविधा और अन्य विवरणों को कंपनी/आरटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित फॉर्म में कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") के साथ अद्यतन करने का अनुरोध किया जाता है। इसके अलावा, डिमैटीरियलाइज़्ड मोड में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल पते, मोबाइल नंबर और बैंक विवरण (कंपनी द्वारा घोषित लाभांश का इलेक्ट्रॉनिक भुगतान प्राप्त करने के लिए) संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी ("डीपी") के साथ पंजीकृत करा लें।

**लाभांश प्राप्त करने के लिए बैंक विवरण सहित केवाईसी पंजीकृत करने की प्रक्रिया**

कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम लाभांश की अनुशंसा की थी, जो आगामी एजीएम में शेयरधारकों के अनुमोदन के अधीन है। सेबी ने आदेश दिया है कि 1 अप्रैल, 2024 से भौतिक सुरक्षा धारकों को लाभांश का भुगतान केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से किया जाएगा। इसके बाद, यदि केवाईसी विवरण अर्थात पैन, नामांकन का विकल्प, मोबाइल नंबर, बैंक खाता विवरण, नमूना हस्ताक्षर आदि सहित संपर्क विवरण, सदस्य के फोलियो पर उपलब्ध नहीं हैं तो लाभांश का भुगतान रोक दिया जाएगा। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नानुसार विवरण प्रस्तुत करें:

| | |
|---|---|
| कागज के रूप में शेयर रखने वाले सदस्य | कंपनी के आरटीए अर्थात अलंकित असाइनमेंट्स लिमिटेड (यूनिट: आरईसी लिमिटेड) 205-208, अनारकली कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055, ईमेल: virenders@alankit.com, निर्धारित फॉर्म में कंपनी की वेबसाइट **"www.recindia.nic.in/forms"** और आरटीए की वेबसाइट **"https://alankitassignments.com/investor-charter"** पर उपलब्ध हैं। |
| डीमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर रखने वाले सदस्य | डीपी के साथ, जहां डीमैट खाता डीपी द्वारा सूचित प्रक्रिया के अनुसार बनाए रखा जाता है। |

सदस्यों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि वे एजीएम की सूचना में निर्धारित सभी टिप्पणियों को और विशेषकर एजीएम में शामिल होने के निर्देश, रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने की प्रणाली या एजीएम में ई-वोटिंग संबंधित टिप्पणियों को ध्यान से पढ़ें।

**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दर्ज करने के लिए स्पेशल विंडो**

सेबी के 2 जुलाई, 2025 के परिपत्र के अनुसार, 7 जुलाई, 2025 से 6 जनवरी, 2026 तक छह महीने की अवधि के लिए एक स्पेशल विंडो खोली गई है, जो केवल उन भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दर्ज करने के लिए है जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए थे और दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमियों या अन्य कारणों से अस्वीकार कर दिए गए, वापस कर दिए गए या उन पर ध्यान नहीं दिया गया। हस्तांतरण के लिए पुनः जमा किए गए शेयर, निर्धारित प्रक्रिया पूरी करने के बाद केवल डीमैट मोड में जारी किए जाएँगे। पात्र शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना अनुरोध कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट को प्रस्तुत करें।

कृते आरईसी लिमिटेड
ह/-
(जे.एस. अमिताभ)
कार्यपालक निदेशक एवं कंपनी सचिव

दिनांक: 30 जुलाई, 2025
स्थान: गुरुग्राम